जयपुर (राजस्थान) से प्रकाशित एवं दिल्ली, महाराष्ट्र, उत्तर प्रदेश, मध्य प्रदेश, हरियाणा, पंजाब, गुजरात, उत्तराखंड, छत्तीसगढ़, बिहार, हिमाचल प्रदेश और झारखण्ड राज्यों में प्रसारित

साप्ताहिक

(DAVP-CODE No. 120390) भारत सरकार का रजि. नं. 10311/1965

# हमारा वतन

ہمارا وطن ہفت روزہ

देश का अपना अखबार

संस्थापित 1965

www.hamarawatan.com

FOLLOW US:- Hamarawatan Hamarawatan65 Hamarawatan3 Hamarawatan



संस्थापक
स्व. श्री राजेन्द्र कुमार 'अजेय'
स्वतंत्रता सेनानी



संरक्षक
स्व. श्री बाबू लाल सैनी



सम्पादक
राम गोपाल सैनी

वर्ष- 61 अंक-41 | जयपुर, सोमवार, 3 नवम्बर, 2025 | वार्षिक शुल्क 200 रुपये (एक प्रति 4 रु.) | पृष्ठ संख्या 4

## श्री विष्णुमाया मंदिर का पुनर्निर्माण कार्य हुआ प्रारंभ

**जयपुर (हमारा वतन)**

ग्राम टांकरड़ा के मणिदीप धाम स्थित श्री विष्णुमाया मंदिर का हर्षोल्लास के साथ पुनः कार्य आरंभ हुआ। पूर्व विधायक रामलाल शर्मा ने नींव रखकर निर्माण कार्य का शुभारंभ किया और कहा कि मंदिर का निर्माण अनवरत जारी रहेगा इसके लिए हर संभव प्रयास किया जाएगा।

इससे पूर्व भामाशाह हरिहर टेक्सटाइल के प्रोपराइटर श्याम बिहारी अग्रवाल ने शिक्षाविद हजारीलाल शर्मा और कैलाश तिवाडी से प्रेरित होकर माता जी के मंदिर का निर्माण शुरू करवाने का संकल्प लिया। आज आंवला नवमी के शुभ



अवसर पर अपनी माताजी संतोष देवी और धर्मपत्नी हर्षिता देवी के साथ गणेश जी, नवग्रह और विष्णुमाया की पूजा अर्चना कर कार्य शुरू करवाया।

मणिदीप धाम के महंत स्वामी योगेंद्र आचार्य महाराज ने बताया कि धाम पर माता जी का अद्भुत विग्रह पहले से ही स्थापित है। 9 फीट ऊंची प्रतिमा के 18 हाथ हैं जो उनकी दिव्यता को प्रकट करते हैं। निजी कारणों से कुछ समय से माताजी के मंदिर का निर्माण कार्य रुका हुआ था। अब 6500 स्क्वायर फीट में माताजी के निज मंदिर को तैयार करवाया जाएगा। जिसके दिव्य मॉडल का शीघ्र ही प्रदर्शन किया जाएगा। विष्णु माया मंदिर निर्माण के बाद संपूर्ण भारत में एक अनूठा धाम होगा। इसकी दिव्यता निहारने को लाखों लोगों का मेला भरा रहेगा। महंत ने भामाशाहों का आभार जताया।

कार्यक्रम की पूजा अर्चना कैप्टन मोहनलाल शर्मा और पंडित रामस्वरूप शर्मा ने वैदिक रीति से करवाई। पंडित सत्यनारायण भातरा ने सभी अतिथियों का साफा और माला पहनाकर स्वागत किया।

मंदिर के निर्माण के लिए ठेकेदार कल्याण प्रजापत को जिम्मेदारी सौंपी गई। इस अवसर पर प्रशासक पति पवन सिंह, डॉ. के वी शर्मा, रामनारायण कुरलिया, पवन चोपड़ा ,मालीराम यादव, माधव शर्मा, सीताराम सोनी, प्रेम, सुरज्ञान, झुंझार सिंह, रोहित सिंह, छुट्टन सिंह, गोपाल चोरिया, श्रवण सोरान, लक्ष्य भातरा, भुवनेश तिवाडी आदि गणमान्य लोग उपस्थित रहे।



## पंडित रविन्द्राचार्य ने किया भाजपा नेता आलोक पारीक का सम्मान

**जयपुर (हमारा वतन)**

तारा ज्योतिष साधना केंद्र जयपुर कार्यालय में अंतर्राष्ट्रीय ब्राह्मण महासंघ के प्रदेश सचिव व भाजपा नेता आलोक पारीक के पधारने पर अंतर्राष्ट्रीय भविष्यवक्ता पंडित रविंद्र आचार्य ने साफा बंधवाकर बाबा श्याम का दुपट्टा, श्याम कलम देकर सम्मानित किया। आचार्य ने बताया कि आलोक पारीक समाज सेवा के रूप में जरूरतमंदों की सेवा करते रहते हैं। लॉकडाउन में भी इनका कार्य बहुत ही सराहनीय रहा है। इनके सामाजिक दृष्टिकोण को देखते हुए आज इनका सम्मान किया है।

इस दौरान भाजपा सिविल लाइंस वरिष्ठ नेता एवं महामंत्री भवानी शंकर, डोनी राजोरिया, राजू एवं कई प्रमुख गणमान्य व्यक्तियों की उपस्थिति रही।



## टीम रजनीश यादव ने मनाई सरदार वल्लभ भाई पटेल की जयंती

**चौमूं (हमारा वतन)**

कृष्ण भोज के तहत टीम रजनीश यादव ने ग्राम पंचायत कानपुरा की शिम्भुपुरा महात्मा गांधी स्कूल में भोजन प्रसादी खिलाई,साथ ही सरदार वल्लभ भाई पटेल की जयंती मनाई।

एकता दिवस के उपलक्ष्य में रजनीश यादव ने बताया की सभी बच्चों को एक दूसरे का साथ देना चाहिए व एक दूसरे के काम आना चाहिए, मिल जुल कर रहना चाहिए। साथ ही शिक्षा व खेल व संस्कृति व वातावरण पर्यावरण व सामाजिक जीवन की जानकारी दी।

## पवन कुमार प्रजापति बने अंता चुनाव कोआर्डिनेशन कमेटी सदस्य

**जयपुर (हमारा वतन)**

आम आदमी पार्टी द्वारा राजस्थान विधानसभा क्षेत्र के अंता में उपचुनाव में आम आदमी पार्टी की तरफ से चुनाव कोआर्डिनेशन कमेटी में आम आदमी पार्टी विधानसभा क्षेत्र चौमूं के वर्ष - 2018 विधायक प्रत्याशी एडवोकेट पवन कुमार प्रजापति को अंता चुनाव में कोआर्डिनेशन कमेटी में सदस्य बनाया गया है।




प्रजापति अंता चुनाव में निर्दलीय प्रत्याशी नरेश मीणा समर्थित आम आदमी पार्टी राजस्थान की ओर से कार्यकर्ता कैंपेनिंग में भाग लेंगे। इस नियुक्ति से चौमूं विधानसभा क्षेत्र के आम आदमी पार्टी के सभी कार्यकर्ताओं में खुशी की लहर दौड़ गई। आम आदमी पार्टी राजस्थान में भारतीय जनता पार्टी व कांग्रेस को हराकर निर्दलीय प्रत्याशी नरेश मीणा को जीत दिलाने का काम करेगी।

## सतर्कता: हमारी साझा जिम्मेदारी- उदयवीर सिंह यादव



**जयपुर (हमारा वतन)।** केन्द्रीय सतर्कता आयोग, नई दिल्ली के निर्देशानुसार देशभर में 27 अक्टूबर से 2 नवम्बर 2025 तक सतर्कता हमारी साझा जिम्मेदारी थीम पर सतर्कता जागरूकता सप्ताह 2025 स्टेट बैंक ऑफ इंडिया जयपुर में मनाया गया। उदयवीर सिंह यादव यादव ने भी लघु भाषण में अपने विचार व्यक्त किए।

उदयवीर सिंह यादव ने बताया कि बिल्कुल! सतर्कता हमारी साझा जिम्मेदारी है और यह हमारे समाज और देश की सुरक्षा और विकास के लिए बहुत महत्वपूर्ण है। हमें अपने आसपास के लोगों और समुदाय के साथ मिलकर सतर्क रहने और भ्रष्टाचार, अपराध और अन्य खतरों के खिलाफ लड़ने की जरूरत है। उदयवीर सिंह यादव ने सतर्कता हमारी साझा जिम्मेदारी पर विचार व्यक्त किए।

जागरूकता- हमें अपने अधिकारों और जिम्मेदारियों के बारे में जागरूक रहना चाहिए।

सावधानी- हमें अपने आसपास के लोगों और समुदाय के साथ सावधानी से पेश आना चाहिए।

सहयोग- हमें अपने समुदाय और समाज के साथ सहयोग करना चाहिए।

नैतिकता- हमें अपने कार्यों में नैतिकता और ईमानदारी का पालन करना चाहिए।

सतर्कता हमारी साझा जिम्मेदारी है, और हमें इसे मिलकर पूरा करना चाहिए।

## डॉ. डिम्पल सैनी बनी राष्ट्रीय वरिष्ठ उपाध्यक्ष

**जयपुर (हमारा वतन)**

अखिल भारतीय सर्वधर्म महासभा (ट्रस्ट) के संस्थापक व राष्ट्रीय अध्यक्ष इंजीनियर टीकमचंद परिहार ने महासभा की कार्यकारिणी का विस्तार करते हुए सामाजिक कार्यकर्ता व चिकित्सा क्षेत्र से जुड़ी डॉ. डिम्पल सैनी को महासभा महिला प्रकोष्ठ में राष्ट्रीय वरिष्ठ उपाध्यक्ष नियुक्त किया है। डॉ. सैनी इससे पूर्व महासभा की प्रदेश उपाध्यक्ष थी। सामाजिक क्षेत्र में किए जा रहे सेवा कार्यों को देखते हुए राष्ट्रीय अध्यक्ष परिहार ने डॉ. सैनी को मनोनीत किया है।



डॉ. सैनी के मनोनयन पर विभिन्न सामाजिक संगठनों के पदाधिकारियों ने प्रसन्नता जाहिर करते हुए बधाई दी है।

## डॉ.योगेश यादव महासचिव पद पर हुए मनोनीत



**जयपुर (हमारा वतन)।** विश्व यादव परिषद प्रदेश की कार्यकारिणी में विश्व यादव परिषद के प्रदेश अध्यक्ष रामदेव यादव ने अपनी कार्यकारिणी में चौमूं के डॉ.योगेश यादव को महासचिव राजस्थान के पद पर मनोनीत किया है। महासचिव पद नियुक्ति होने पर विश्व यादव परिषद के पदाधिकारी तथा समाज के बंधुओ ने मिठाई खिलाकर खुशी जाहिर की है।

## अजय चौहान प्रदेश उपाध्यक्ष मनोनीत

**जालोर (हमारा वतन)**

सोभाराम डांगी प्रदेशाध्यक्ष भारतीय जलदाय कर्मचारी महासंघ राजस्थान जयपुर अपनी प्रदत्त शक्तियों का उपयोग करते हुये राजस्थान संयुक्त एवं मजदूर महासंघ राजस्थान जयपुर के प्रदेशाध्यक्ष महेश व्यास एवं प्रदेश संगठन महामंत्री लीलाधर पटवा एवं प्रदेश महामंत्री बाबुलाल राजावत के



निर्देशानुसार अजय चौहान वरिष्ठ सहायक ,कार्यालय अधिशाषी अभियंता जन स्वास्थ्य अभियांत्रिकी विभाग खण्ड जालोर को भारतीय जलदाय कर्मचारी महासंघ राजस्थान जयपुर का प्रदेश उपाध्यक्ष नियुक्त किया है। अजय चौहान को भारतीय जलदाय कर्मचारी महासंघ राजस्थान जयपुर के प्रदेश उपाध्यक्ष मनोनीत होने पर कर्मचारियों में खुशी की लहर है।



सरदार वल्लभभाई पटेल की 150वीं जयंती- मुख्यमंत्री ने गांधी सर्किल से अमर जवान ज्योति तक आमजन के साथ किया पैदल मार्च

# लौह पुरूष सरदार पटेल ने रियासतों का विलय कर सशक्त राष्ट्र का किया निर्माण:मुख्यमंत्री

**जयपुर (हमारा वतन)**

मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने कहा कि लौह पुरूष सरदार वल्लभभाई पटेल ने आजादी के बाद रियासतों का विलय कर एक सशक्त राष्ट्र का निर्माण किया था। सरदार पटेल ने लोगों के दिल में 'एक भारत-श्रेष्ठ भारत' की भावना जगाई। उनका लक्ष्य एक ऐसे भारत का निर्माण करना था, जो विविधता में एकता का प्रतीक हो और यह विचार आज भी उतना ही प्रासंगिक है। मुख्यमंत्री ने युवाओं से आह्वान किया कि वे हर परिस्थिति में राष्ट्र हित और राष्ट्रीय एकता को सर्वोपरि रखें, जिससे एक सशक्त तथा आत्मनिर्भर भारत का निर्माण हो। शर्मा शुक्रवार को सरदार वल्लभभाई पटेल की 150वीं जयंती के उपलक्ष्य पर 'सरदार@150' के तहत आयोजित 'एकता मार्च' कार्यक्रम को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि आजादी के बाद देश में 560 से अधिक रियासतों में से कुछ रियासतें अपने स्वतंत्र अस्तित्व में रहना चाहती थीं। सरदार पटेल ने रियासतों के राजाओं को कहा कि एक संगठित और संयुक्त भारत में ही प्रजा का भविष्य सुरक्षित है। कुछ राजाओं ने स्वेच्छा से विलय किया, तो कुछ को राजनीतिक दबाव की जरूरत पड़ी। शर्मा ने कहा कि सरदार पटेल के दूरदर्शी नेतृत्व से जूनागढ़ एवं हैदराबाद जैसी रियासतें भी भारत का अभिन्न अंग बन गई। उनकी दृढ इच्छाशक्ति से ही आधुनिक भारत की परिकल्पना संभव हो पाई।

**युवा राष्ट्रहित और राष्ट्रीय एकता को रखें सर्वोपरि**

## एकता मार्च में शामिल होकर सरदार पटेल के विचारों को किया जीवंत

शर्मा ने कहा कि राष्टीय एकता पखवाड़े के तहत आयोजित एकता मार्च 'विकसित राजस्थान-विकसित भारत' के सपने को पूरा करने का एक संकल्प है। इस एकता मार्च में शामिल होकर हमने सरदार पटेल के विचारों को जीवंत किया है। उन्होंने कहा कि जैसे सरदार पटेल ने 560 रियासतों को एक सूत्र में पिरोया, वैसे ही हम सभी को मिलकर विविधता में एकता को मजबूत करना है। शर्मा ने कहा कि आज का युवा भारत की सबसे बड़ी शक्ति है। जब युवा शक्ति जागृत होती है, तो कोई लक्ष्य असंभव नहीं रहता। उन्होंने आमजन से आह्वान किया कि वे सरदार पटेल के सपनों का भारत को साकार करने में सक्रिय भागीदार बने। इस दौरान मुख्यमंत्री ने



आमजन को आत्मनिर्भर भारत की शपथ दिलाई। इससे पहले मुख्यमंत्री ने कार्यक्रम में सरदार वल्लभभाई पटेल की प्रतिमा पर पुष्प अर्पित किए। मुख्यमंत्री ने गांधी सर्किल पर महात्मा गांधी की प्रतिमा पर भी पुष्पांजलि अर्पित की।

इस अवसर पर उपमुख्यमंत्री दिया कुमारी, खेल एवं युवा मामलात मंत्री कर्नल राज्यवर्धन राठौड़, सांसद घनश्याम तिवाड़ी, मंजू शर्मा, विधायक कालीचरण सराफ, जितेन्द्र गोठवाल, गोपाल शर्मा, डॉ. कैलाश वर्मा, बालमुकुंदाचार्य एवं पुलिस महानिदेशक राजीव कुमार शर्मा सहित विभिन्न जनप्रतिनिधिगण एवं बड़ी संख्या में आमजन मौजूद रहे।

## अर्जुन करीरा बने राजस्थान युवा यादव महासभा के प्रदेश उपाध्यक्ष


**चौमूं (हमारा वतन)**



राजस्थान युवा यादव महासभा के प्रदेश अध्यक्ष मदन यादव ने संगठन का विस्तार करते हुए नई कार्यकारिणी में चौमूं तहसील की ग्राम पंचायत जैतपुरा निवासी अर्जुन करीरा को महासभा के प्रदेश उपाध्यक्ष पद पर नियुक्त किया है।

यादव को उपाध्यक्ष पद मिलने पर यादव समाज बंधुओं ने लड्डू बाँटकर खुशी जाहिर की। प्रदेश अध्यक्ष यादव का समाज के लोगों व ग्रामीणों ने आभार जताया है ।

## सुरेश सैनी बने सैनी समाज कर्मचारी एवं अधिकारी विकास संस्था के प्रदेशाध्यक्ष



**जयपुर (हमारा वतन)**

प्रदेश की सबसे बड़ी 'सैनी समाज कर्मचारी एवं अधिकारी विकास संस्था' राजस्थान के चुनाव शांतिपूर्ण माहौल में संपन्न हुए। वोट डालने वालों में सुबह से ही उत्साह देखा गया। जानकारी के अनुसार सुरेश सैनी रेलवे चुनाव में 192 मतों से प्रदेशाध्यक्ष पद पर निर्वाचित हुए। सुरेश सैनी को 787 वोट, यादराम सैनी को 595 वोट, नरेंद्र सैनी को 348 वोट और अन्य को 4 वोट मिले। चुनाव परिणाम आते ही बधाईयों का ताँता लगा हुआ है।



## राष्ट्रीय अध्यक्ष बजरंग सिंह काचरेड़ा ने की छठ पूजा में शिरकत

**जयपुर (हमारा वतन)**

विनायक दल के राष्ट्रीय अध्यक्ष बजरंग सिंह काचरेड़ा ने हसनपुरा एनबीसी में मैथिली भोजपुरी एकता समिति के तत्वावधान में आयोजित छठ पूजा महोत्सव में शिरकत की। आयोजकों ने राष्ट्रीय अध्यक्ष बजरंग सिंह काचरेड़ा का भव्य स्वागत किया। संजीव मिश्रा के सानिध्य में भव्य कार्यक्रम संपन्न हुआ। हजारों की तादाद में लोगों ने बड़े धूमधाम से इस पर्व को मनाया। विनायक दल के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष प्रकाश चौधरी, सिविल लाइन विधायक गोपाल शर्मा भी उपस्थित रहे। इसके बाद संजीव मिश्रा और उनकी टीम के सक्रिय कार्यकर्ताओं को उत्कृष्ट अवार्ड से सम्मानित किया।

Khadi For Nation
खादी भारत
Khadi India
Khadi For Fashion

## जॉब्स

1. इंटेलिजेंस ब्यूरो पद एसीआइओ ग्रेड II, पद संख्या 258, अंतिम तिथि 26 नवंबर 2025
2. राजस्थान लोक सेवा आयोग, पद सांख्यिकी अधिकारी, पद संख्या 113, अंतिम तिथि 26 नवंबर 2025
3. डीएसएसएसबी, पद टीजीटी टीचर, पद संख्या 5346, अंतिम तिथि 7 नवंबर 2025
4. आरएसएमएसएसबी, पद आयुष ऑफिसर, पद संख्या 1535, अंतिम तिथि 8 नवंबर 2025
5. आरएसएमएसएसबी, पद जमादार ग्रेड सेकंड, पद संख्या 72, अंतिम तिथि 15 नवंबर 2025
6. आरआरबी एनटीपीसी ग्रेजुएट लेवल, पद एनटीपीसी ग्रेजुएट लेवल, पद संख्या 5810, अंतिम तिथि 20 नवंबर 2025
7. आरआरबी एनटीपीसी सीनियर लेवल, पद एनटीपीसी सीनियर लेवल, पद संख्या 3058, अंतिम तिथि 27 नवंबर 2025
8. रेलवे रिक्रूटमेंट बोर्ड, पद जूनियर इंजीनियर, पद संख्या 2569, अंतिम तिथि 30 नवंबर 2025

# सड़क एवं भवन निर्माण में गुणवत्ता पर कोई समझौता नहीं, प्रदेशभर में चलेगा सघन निरीक्षण अभियानः मुख्यमंत्री



जयपुर(नि.सं.)। मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने कहा कि सांगानेर क्षेत्र जयपुर शहर के अहम हिस्सों में से एक है तथा यह शहर के विस्तार का केंद्र भी बन रहा है। इसलिए पूरे शहर के लिए सुगम यातायात प्रबंधन की दिशा में सांगानेर क्षेत्र में विशेष कार्ययोजना के साथ सुविधाएं विकसित की जाएं ताकि यह स्वच्छ, सुंदर और आधुनिक मॉडल के रूप में उभर सकें। शर्मा मुख्यमंत्री कार्यालय में सांगानेर क्षेत्र के सर्किल निर्माण एवं सौन्दर्यकरण कार्यों की समीक्षा कर रहे थे। उन्होंने संबंधित विभागों के अधिकारियों को निर्देश दिए कि आपसी समन्वय से कार्य करते हुए विकास कार्यों में तेजी लाएं एवं इन कार्यों में गुणवत्ता सुनिश्चित की जाए।

**थीम आधारित होंगे सौन्दर्यकरण के कार्य-** मुख्यमंत्री ने कहा कि वन्दे मातरम् रोड़ पर स्थित सर्किलों के सौन्दर्यकरण के कार्य स्वतंत्रता, संविधान एवं विकसित भारत की थीम के आधार पर किए जाएं ताकि इससे आमजन में जागरूकता एवं गर्व की भावना विकसित हो सके।

उन्होंने न्यू सांगानेर रोड़ सहित अन्य मार्गों के चौराहों पर भी सौन्दर्यकरण तथा पौधारोपण के कार्य करवाने के निर्देश दिए।

**गुणवत्ता में लापरवाही बरतने वालों पर होगी कार्रवाई-** शर्मा ने कहा कि राज्य सरकार प्रदेश में भवन एवं सड़क निर्माण मरम्मत कार्यों में गुणवत्ता सुनिश्चित करने के लिए सघन निरीक्षण अभियान संचालित करने जा रही है।


इस अभियान के अन्तर्गत निर्माण से संबंधित कार्यों की मॉनिटरिंग के लिए निरीक्षण समितियों का गठन करने के निर्देश दिए गए हैं। उन्होंने कहा कि सड़क एवं अन्य निर्माण कार्यों में गुणवत्ता में किसी भी प्रकार की कोताही बर्दाश्त नहीं की जाएगी तथा लापरवाही बरतने वालों के विरूद्ध सख्त कार्रवाई की जाएगी। बैठक में मुख्यमंत्री कार्यालय, वित्त विभाग एवं जयपुर विकास प्राधिकरण सहित अन्य संबंधित विभागों के अधिकारी उपस्थित रहे।



## पटेल चाहते थे पूरा कश्मीर हमारा होन्नेहरू ने बांटा; जो अंग्रेज नहीं कर पाए कांग्रेस ने कियाः पीएम

वडोदरा(एजेंसी)। पीएम मोदी शुक्रवार को सरदार वल्लभ भाई पटेल की 150वीं जयंती के मौके पर गुजरात पहुंचे। उन्होंने नर्मदा जिले के एकता नगर में सरदार पटेल की 182 मीटर ऊंची प्रतिमा (स्टेच्यू ऑफ यूनिटी) पर पुष्पांजलि अर्पित की। एकता नगर में राष्ट्रीय एकता दिवस परेड का आयोजन हुआ। पीएम ने कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कहा- सरदार पटेल पूरे कश्मीर को भारत में मिलाना चाहते थे, लेकिन तत्कालीन प्रधानमंत्री जवाहरलाल नेहरू ने ऐसा नहीं होने दिया। कश्मीर को अलग संविधान से बांट दिया। कांग्रेस की गलती की आग में देश दशकों तक जलता रहा। पीएम ने कहा- कांग्रेस को न केवल अपनी पार्टी और सत्ता, बल्कि गुलाम मानसिकता अंग्रेजों से विरासत में मिली है। जब अंग्रेजों ने 1905 में बंगाल का विभाजन किया, तो वंदे मातरम् राष्ट्र की एकता और एकजुटता की आवाज बना। अंग्रेजों ने वंदे मातरम् पर प्रतिबंध लगाने की कोशिश की, लेकिन कभी सफल नहीं हुए। मोदी ने कहा- जो काम अंग्रेज नहीं कर पाए, वह कांग्रेस ने कर दिया। कांग्रेस ने धार्मिक आधार पर वंदे मातरम् के एक हिस्से को हटा दिया। इसका मतलब है कि कांग्रेस ने समाज को विभाजित किया और ब्रिटिश एजेंडे को आगे बढ़ाया। PM ने राष्ट्रीय एकता दिवस परेड की सलामी ली PM ने संबोधन से पहले राष्ट्रीय एकता दिवस परेड की सलामी ली। परेड में शामिल सभी टुकड़ियों का नेतृत्व महिला अफसरों ने किया। परेड में BSF, CISF, ITBP, CRPF, और सीमा सुरक्षा बल समेत 16 टुकड़ियों ने हिस्सा लिया। परेड में ऑपरेशन सिंदूर में BSF के 16 पदक विजेता और 5 शौर्य चक्र विजेता भी शामिल हुए। परेड का नेतृत्व हेराल्डिंग टीम के 100 सदस्यों ने किया, जबकि 9 बैंड टुकड़ियां और 4 स्कूल बैंड ने परेड में परफॉर्म किया। मोदी बोले- कांग्रेस को अंग्रेजों से गुलाम मानसिकता विरासत में मिली प्रधानमंत्री मोदी ने कहा- कांग्रेस को न केवल अपनी पार्टी और सत्ता अंग्रेजों से विरासत में मिली, बल्कि गुलाम मानसिकता को भी आत्मसात किया। कुछ ही दिनों में वंदे मातरम् अपनी 150वीं वर्षगांठ मनाई जाएगी। जब अंग्रेजों ने 1905 में बंगाल का विभाजन किया, तो इसके विरोध में वंदे मातरम् नागरिकों की आवाज बना।

मोदी ने कहा- अंग्रेजों ने वंदे मातरम् बोलने पर प्रतिबंध लगाने की कोशिश की। वे कभी सफल नहीं हुए। वंदे मातरम् का मंत्र भारत के हर कोने में गूंजता रहा। जो काम अंग्रेज करने में विफल रहे, कांग्रेस ने हासिल किया। कांग्रेस ने धार्मिक आधार पर वंदे मातरम् के एक हिस्से को हटा दिया। PM बोले- देश की एकता और सुरक्षा घुसपैठियों के कारण खतरे में पड़ी PM मोदी ने कहा- आज, हमारे देश की एकता और आंतरिक सुरक्षा घुसपैठियों के कारण गंभीर खतरे का सामना कर रही है। दशकों से, विदेशी घुसपैठिए हमारे देश में घुस रहे हैं, इसके संसाधनों का दोहन कर रहे हैं और इसके जनसांख्यिकीय संतुलन को बिगाड़ रहे हैं। मोदी ने आगे कहा- दुर्भाग्य से, पिछली सरकारों ने इस गंभीर समस्या की अनदेखी की और इस समस्या से आंखें मूंद लीं। पुरानी सरकारें वोट बैंक की राजनीति के लिए राष्ट्रीय सुरक्षा को खतरे में डालती रही।



टिकिट

**हमारा वतन**
खबरों, विज्ञापन एवं सदस्यता के लिए सम्पर्क करें ।
Email- hamarawatan65@gmail.com 9214996258 7014468512

**अति आवश्यक सूचना**

पाठकों व विज्ञापनदाताओं से निवेदन है कि जिनका सालाना सदस्यता शुल्क व विज्ञापनों का भुगतान नहीं हो पाया है वे अपना शुल्क 'हमारा वतन के नाम से खाता संख्या 61079058819' एसबीआई (IFSC Code- SBIN0004227) में या 9214996258 पर फोन-पे, पेटीएम, गुगल-पे पर जमा कराकर सूचित करें।

\- सम्पादक

पुनीत प्रतिष्ठा में :-

क्या ख़ाक़ लिखे कोई, बरगश्ता ज़माना है,
कांटों पै भी चलना है, दामन भी बचाना है।

# सम्पादकीय.....

## सामान्य मुलाकात या जी-2 की शुरुआत

अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप और चीनी शासनाध्यक्ष शी जिनपिंग के बीच गुरुवार को हुई बैठक वैश्विक आर्थिक तनाव को कम करने में मददगार साबित हो सकती है, पर यह द्विपक्षीय विवाद पूरी तरह से खत्म कर देगी, इसकी संभावना कम ही है। दक्षिण कोरिया के शहर 'बुसान' में दोनों नेता करीब 100 मिनट तक एक साथ बैठे और उन तमाम मुद्दों पर चर्चा करने का दावा किया, जिन पर बातचीत लाजिमी थी। चूंकि वैश्विक व्यापार-युद्ध को खत्म करने के लिए इन मसलों पर सहमति आवश्यक थी, इसलिए इस बैठक पर स्वाभाविक ही पूरी दुनिया की नजर थी। बैठक में कई बड़े फैसले लिए गए। चीन के लिए सेमीकंडक्टर चिप के निर्यात पर लगाई गई अमेरिकी रोक हटा दी गई और चीनी आयात पर टैरिफ घटाने का एलान किया गया, तो चीन ने भी सोयाबीन की खरीद फिर से शुरू करने पर सहमति जताई और 'रेअर अर्थ' के अमेरिकी निर्यात पर लगाए गए प्रतिबंध को वापस लेने का फैसला किया। चूंकि ये दोनों देश एक तरह से टैरिफ व ट्रेड वार में उलझे हुए थे, इसलिए कोशिश यही की गई कि तनाव से उबरते हुए विवादित मुद्दों का समाधान तलाशा जाए और आपसी व्यापार में सुगमता लाई जाए। बैठक के बाद दोनों नेताओं के हाव-भाव बता रहे थे कि वे बैठक के नतीजों से संतुष्ट हैं।इसमें कुछ मसलों पर जान-बूझकर चर्चा नहीं की गई, जैसे ताइवान पर। माना जा रहा था कि इस मुद्दे के बहाने ट्रंप चीन पर दबाव बनाने का प्रयास करेंगे। मगर बैठक के बाद अमेरिकी राष्ट्रपति ने साफ शब्दों में कहा कि यह मुद्दा बैठक में नहीं उठा। गौरतलब है, ताइवान और अमेरिका के बीच सुरक्षा व अन्य सहयोग हैं, जबकि चीन इस देश को अपना हिस्सा मानता है। राष्ट्रपति जिनपिंग ने यही कहा कि बैठक में मुद्दों की सूची नहीं बढ़ाई जानी चाहिए। इसी तरह, चीन द्वारा रूस से तेल की खरीद पर भी ट्रंप की तरफ से चुप्पी रही। हां, यूक्रेन युद्ध पर कुछ चर्चा हुई होगी, लेकिन इसकी पूरी जानकारी सामने नहीं आई है।हालांकि, ट्रंप और जिनपिंग में जिस तरह से सहमति बनी है, उसे अमेरिकी राष्ट्रपति 'जी-2' की मजबूत बुनियाद मान रहे हैं। जी-2 चीन और अमेरिका का एक अनौपचारिक समूह है। अपने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म पर अमेरिकी राष्ट्रपति ने इसका एलान भी किया। तो क्या, यह जी-2 की शुरुआत है? हालांकि, चीन ने अधिकारिक रूप से कुछ नहीं कहा है, पर बकौल शी जिनपिंग, विश्व आज कई कठिन समस्याओं से जूझ रहा है, इसलिए चीन और अमेरिका को मिलकर अपनी जिम्मेदारी निभानी चाहिए। हालांकि, इसका यह अर्थ नहीं लगाया जाना चाहिए कि दोनों देशों के बीच जो तनाव है, वह पूरी तरह से खत्म हो गया है। हां, यह एक शुरुआत है, जिसके नतीजे क्या निकलेंगे, इस पर नजर बनी रहेगी।भारत के परिप्रेक्ष्य में देखें, तो जी-2 हमारे हितों के खिलाफ है। बहुध्रुवीय दुनिया की हम वकालत करते रहे हैं और हमारा यही मानना है कि वैश्विक मुद्दों पर किसी एक या दो देशों का दबदबा नहीं होना चाहिए। चूंकि भारत और अमेरिका के संबंध इन दिनों कठिन दौर से गुजर रहे हैं, इसलिए जी-2 का उदय नई दिल्ली के लिए परेशानी पैदा कर सकता है। शेष दुनिया के लिए भी यह कोई अच्छी बात नहीं है। मगर ऐसे किसी प्रयास से व्यापार-युद्ध खत्म होता है और वैश्विक आपूर्ति श्रृंखला में आई बाधा दूर होती है, तो इसे भारत ही नहीं, शेष देशों के लिए भी सुखद कहा जाएगा। वैसे, नजर इस पर भी रहेगी कि कथित जी-2 की शुरुआत से रूसी राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन पर यूक्रेन युद्ध खत्म करने का कोई दबाव पड़ता है या नहीं? ऐसा इसलिए भी, क्योंकि बीते कुछ समय से चीन के साथ उनकी रणनीतिक साझेदारी परवान चढ़ रही थी। सवाल है कि आखिर दोनों नेताओं को मिलने की जरूरत क्यों महसूस हुई?


राम गोपाल सैनी

# मेरी आवाज ही पहचान है सिंगिंग इवेंट सीजन-3 का हुआ भव्य आयोजन

**जयपुर (हमारा वतन)**

मेरी आवाज ही पहचान है सिंगिंग ईवेन्ट सीजन-3 'दीवाली स्नेह मिलन '' साइंस पार्क ऑडिटोरियम, शास्त्री नगर जयपुर में 90 थीम - कुमार सानु, उदित नारायण ,सोनु निगम ,अल्का याज्ञनिक के गाये हुए सुमधुर गीतो पर आयोजित हुआ।

फाउण्डर नितिन शर्मा ने बताया कार्यक्रम की शुरूआत फाउण्डर नितिन शर्मा की माताजी के द्वारा दीप प्रज्जवलित कर, गणेश वंदना व माँ सरस्वती वंदना के साथ की गई।

अक्षरा मिश्रा पुत्री नितिन शर्मा द्वारा कार्यक्रम का पहला गीत ''श्री कृष्ण गोंविद हरे मुरारी'' से संगीत का सफरनामा शुरू हुआ, जिसके बाद सभी डायमण्ड सिंगरर्स सचिवालय से आये डिप्टी सेकेटरी मेघराज पंवार, प्रशासनिक विभाग से लोकेश सहल, निहारिका ,नवल सैनी ,डॉ.पवन तिवाडी, भारती, आर.डी.गुप्ता, पी.डी.गुप्ता, कृष्णा, देवेन्द्र सोनी, राधा रमण शर्मा ममता शर्मा, सतीश बंसल, जयश्री सोनी ,राकेश शर्मा ,नेहा सैनी, निकेश खण्डेलवाल, दिनेश गोयल व रश्मि गोयल ने ''तेरी बिंदिया रे'' राजेन्द्र शर्मा व मीनाक्षी शर्मा की जोडी ने गीत ''लाल दुपटटा'' ,प्रहलाद गुप्ता, जितेन्द्र गहलोत ,राहुल पारीक ,डी.एस.गुप्ता ,गजराज सिंह भाटी ,शैलेन्द्र माथुर, किशन मेघानी, मेहरूनिशा, डॉ.रितु शर्मा ,नन्द किशोर रावत, अमित देव व्यास, वरिष्ठ सिंगर अनान टोगनाटा, आर.डी.गुप्ता ,पी.डी.गुप्ता ,राकेश गौड ने अपनी गायकी से समा बांध दिया।



माँ विधा डायबिटिक फाउण्डेशन से मीनाक्षी शर्मा, पारूल ने सुमधुर गीतों की प्रस्तुति दी। मधु नायक ने एंकरिग के साथ-साथ अपनी गायकी का भी परिचय दिया।

कार्यक्रम का आर्कषण रहे फाउण्डर नितिन शर्मा के 4 वर्षीय बेटे दृशान मिश्रा ने पिता के साथ गायकी कर बखूबी साथ निभाया जिससे कार्यक्रम स्थल तालियों से गूंज उठा।

फाउण्डर नितिन शर्मा ने बताया कि प्रतिमाह इस तरह के संगीत कार्यक्रमों का आयोजन किया जायेगा। जिससे संगीत के छुपी इुई प्रतिभाओ को एक मंच मिल सके व अपनी आवाज को संगीत प्रेमी पहचान दे सके।

# अभय आश्रम में हुआ विशाल सत्संग समारोह का आयोजन

**चौमूं (हमारा वतन)**

हर वर्ष की भांति इस वर्ष भी चौमूं शहर के रींगस रोड, रतन विहार कॉलोनी स्थित अभय आश्रम में विशाल सत्संग समारोह का आयोजन बड़े धूमधाम से किया गया। श्री श्री रतन रंगीला महाराज के सानिध्य में प्रातः 11बजे से शाम 4 बजे तक भजनों की सरिता बही। मधुर भजनों पर उपस्थित श्रद्धालु भाव विभोर होकर नाचने लगे। रंगीला महाराज ने उपस्थित श्रद्धालुओं को बताया कि गुरु के बिना कुछ भी संभव नहीं है, गुरु ही भगवान से मिलने का रास्ता बताता है। गुरु और माता-पिता की सेवा कर ही मनुष्य मोक्ष को प्राप्त कर सकता है। सत्संग समारोह के दौरान कई संत-महात्मा और धर्म प्रेमी लोग मौजूद रहे। अंत में सभी ने पंगत प्रसादी ग्रहण की।



Mohan Lal Jitarwal
Jaisingh Jitarwal
मोनिका प्रिन्टर्स
WE DESIGN , PRINT & PROMOTE...YOU ! थाना मोड़, चौमूँ
फ्लैक्स/विनायल | ऑफसेट प्रिन्टिंग | पोस्टर/पम्फलेट | बिल-बुक | लेटर हेड
शादी कार्ड | सवामणी कार्ड | स्क्रीन प्रिन्टिंग | विजिटिंग कार्ड | आई-कार्ड
हमारे यहाँ प्रिन्टिंग से सम्बन्धित सभी कार्य उचित रेट पर किये जाते है
तथा चुनाव से सम्बन्धित सामग्री उचित रेट पर तैयार की जाती है ।
एक बार सेवा का मोका अवश्य दें
Contact Us: 9785850646, 8946910073, 7610022192
monikaprinters68@gmail.com

# आस्था,भक्ति, श्रद्धा और उल्लास के साथ मनाया श्याम बाबा का जन्मोत्सव

**खाटूश्यामजी (हमारा वतन)**

खाटू नगरी में श्याम बाबा के जन्मोत्सव पर आस्था, श्रद्धा और भक्ति का संगम देखने को मिला। श्याम भक्त हाथों में निशान लेकर श्याम बाबा के जयकारे लगाते हुए खाटू नगरी की गली-गली में नजर आए। श्याम मंदिर को लाइट डेकोरेशन और देश विदेश से पुष्प मंगा कर श्याम बाबा को विशेष सजाया गया। वहीं श्याम भक्त केक के बड़े थाल लेकर मंदिर में पहुंचकर बाबा को प्रसाद का भोग लगाया। पुलिस प्रशासन द्वारा सभी मुख्य चौराहे और रास्तों पर भारी बल संख्या में मुस्तैद रह कर ड्रोन द्वारा खाटू नगरी की निगरानी की गई।



श्री श्याम कमेटी द्वारा भक्तों के लिए जलपान की व्यवस्था की गई। शाम होते ही श्याम भक्तों द्वारा आतिशबाजी की गई। चिकित्सा विभाग द्वारा जगह-जगह पर कैंप लगाकर श्याम भक्तों का प्राथमिक उपचार के लिए डॉक्टर मौजूद रहे। रींगस से खाटू श्याम जी सड़क मार्ग को नॉन व्हीकल घोषित किया गया। प्रशासन द्वारा 52 बीघा मैदान को भक्तों के लिए निःशुल्क पार्किंग व्यवस्था की गई।

RNI No. 10311/1965
स्वत्वाधिकारी, प्रकाशक, मुद्रक, सम्पादक राम गोपाल सैनी के लिए उदय प्रिन्टर्स 43 ए, माली कॉलोनी, चांदपोल बाहर, जयपुर से मुद्रित तथा वार्ड नं.1, सामोद रोड़ नीमड़ी, ग्राम-मोरीजा, तहसील-चौमूँ, जिला-जयपुर से प्रकाशित , मो. 9214996258, 7014468512
उप सम्पादकः सुरेन्द्र कुमार सैनी
E mail-hamarawatan65@gmail.com
प्रबंध सम्पादक : वली मोहम्मद कुरैशी, मो. 9929610759
सभी प्रकार के वाद-विवादों का न्याय क्षेत्र चौमूं शहर होगा।